भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **970**
दिनांक 27 नवम्बर , 2019 / 6 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

छोटे शहरों से विमान सेवाएं

970. श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने उड़ान योजना के तहत देश के छोटे-छोटे शहरों से जनहित में विमान सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया था;
(ख) क्या यह भी सच है कि दरभंगा, पूर्णिया और भागलपुर से विमानन सेवाएं जून महीने से शुरू करने की समय-सीमा तय की गई थी; और
(ग) यदि हां, तो इन स्थानों से अभी तक विमानन सेवाएं शुरू नहीं करने के क्या कारण हैं और इसे कब तक शुरू किए जाने की योजना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग): क्षेत्रीय हवाई संपर्क को प्रोत्साहित करने के लिए इसे किफायती बना कर सरकार ने दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्कता योजना (आरसीएस)- उड़ान (उडे देश का आम नागरिक) प्रारंभ की है। आरसीएस – उड़ान के अधीन दूसरे चरण की बोली में कार्यान्वयन एजेन्सी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने निम्नलिखित नेटवर्कों को बिहार में दरभंगा से हवाई सेवाओं को प्रारंभ करने के लिए चयनित नेटवर्क प्रचालक (एसएओ) को प्रदान किया था:

1. मुंबई- दरभंगा – मुंबई
2. दिल्ली – दरभंगा – दिल्ली
3. बैंगलौर – दरभंगा – बैंगलौर

एसएओ द्वारा बोली में उल्लिखित के अनुसार दरभंगा से आरसीएस प्रचालन हवाईपट्टी को वायुयान (बी-737) के प्रचालन के लिए अपेक्षित क्षमता के अनुसार उपयुक्त बनाऐ जाने पर प्रारंभ होंगे। एएआई ने रनवे को सुदृढ़ करने तथा टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण करने के कार्यों को अपने हाथ में ले लिया है। आरसीएस – उड़ान के अंतर्गत किसी भी एयरलाइन ने भागलपुर हवाई अड्डे को जोड़ने वाली आरसीएस – उड़ान, उड़ानों के लिए बोली प्रस्तुत नहीं की है। पूर्णिया एक सेना हवाई अड्डा है जिसकी मरम्मत की जा रही है तथा यह वर्तमान में आरसीएस-उड़ान के अधीन बोली लगाए जाने के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

*****